हिन्दुस्तान

सोमवार

२६ मई २०२५, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, विक्रम संवत् २०८२, बरेली

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

**PAGE NO : 5 MIDDLE**

# एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड की दी गई जानकारी

**कार्यशाला**

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड (ईयूएस) पर एक दिवसीय वर्कशॉप हुई। मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित इस वर्कशॉप में एकेडमिक लेक्चर, लाइव सर्जरी के साथ प्रेक्टिकल प्रशिक्षण के सेशन हुए। गाजियाबाद के गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. संजय गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड के मूलभूत सिद्धांतों, वर्तमान की क्लीनिक जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करते हुए ईयूएस की एबीसी पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में गैस्ट्रो संबंधित बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। डॉ. गर्ग ने एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड (ईयूएस) के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। एसआरएमएस आईएमएस के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला ने क्लीनिकल कार्यशाला आयोजित करने के लिए टीम को बधाई दी। आयोजन समिति की आर्गनाइजिंग चेयरमैन एवं जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. स्मिता गुप्ता ने सभी का स्वागत किया और वर्कशॉप के बारे में जानकारी दी। वर्कशॉप के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. शिवम गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वर्कशॉप में प्रमुख रूप से जीएमसी हल्द्वानी के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. एससी जोशी, एसआरएमएस के डीन पीजी डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. राजीव टंडन, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. नम्रता सिंह, डॉ. वत्स गुप्ता के साथ-साथ बरेली, हल्द्वानी और मुरादाबाद के कई गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट शामिल रहे।



एसआरएमएस में वर्कशॉप में डॉ. संजय का स्वागत करते पदाधिकारी।